18- korba-Bhoomi pg-1-JACKET_Layout 1 4/18/2025 8:30 PM Page 1

हरिभूमि
# कोरबा भूमि

बिलासपुर, शनिवार 19 अप्रैल 2025

[ दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा ]

DHEERAA

Launching

SKYLLA

SO CLOSE YET SO FAR

Premium 3 BHK Apartments

Beside Jain International School, Sakri Road, Bilaspur (C.G.)

19th & 20th April' 25 | 10Am Onwards

PCGRERA1103250001892

Exclusive 10+ Amenities

Modern & Vastu Compliant Design

Paranomic View Apartments







77999- 57000

AdPRAYAS

## खबर संक्षेप

### मरीज के साथ भेदभाव, फोरम ने एनटीपीसी अस्पताल को दी चेतावनी

**कोरबा।** एनटीपीसी अस्पताल में मरीजों के साथ भेदभाव की शिकायत पर जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग ने एनटीपीसी अस्पताल प्रबंधन को निर्देश दिया है कि वे मरीजों के उपचार के संबंध में किसी प्रकार का भेदभाव नहीं करेगा। मरीज के सेवा में कमी एवं व्यवयायिक कदाचरण का कृत्य प्रमाणित हुआ है, जो असंवैधानिक तथा सेवा में कमी की श्रेणी में आता है। उल्लेखनीय है कि मामले की सुनवाई के दौरान एनटीपीसी अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं डॉ.धमेन्द्र प्रसाद द्वारा आयोग को बताया गया था कि अस्पताल के प्रोटोकॉल के तहत एनटीपीसी कर्मचारियों एवं उनके परिवार के सदस्यों को इलाज में प्राथमिकता दी जाती है, लेकिन एनटीपीसी अस्पताल प्रबंधन द्वारा प्रोटोकॉल का कोई लिखित साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किया जा सका। परिवादी की ओर से अधिवक्ता अब्दुल नफीस खान ने मजबूती के साथ आयोग के समक्ष पैरवी की और प्रकरण को परिणाम तक पहुंचाया। केस में विरोधीपक्षकार यानी एनटीपीसी, कोरबा अस्पताल के सीएमओ डॉ.विनोद काल्हटकर, शल्य चिकित्सक धमेन्द्र प्रसाद के अधिवक्ता आरएन राठौर ने पैरवी की। प्रकरण में जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग की अध्यक्ष श्रीमती रंजना दत्ता एवं सदस्य पंकज कुमार देवड़ा की बेंच द्वारा सुनवाई करते हुए अंतिम आदेश पारित किया गया। दरअसल एनटीपीसी, जमनीपाली निवासी मोहम्मद सादिक शेख द्वारा एनटीपीसी, कोरबा के शल्य चिकित्सक धमेन्द्र प्रसाद एवं सीएमओ डॉ.विनोद काल्हटकर के विरूद्ध इलाज में भेदभाव करने संबंधी परिवाद अधिवक्ता अब्दुल नफीस खान के माध्यम से जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग में प्रकरण प्रस्तुत किया गया था। पहले दिन उपचार नहीं होने पर 3 अगस्त 2024 को मोहम्मद सादिक शेख ने शुल्क जमा कर एक्सरे करवाया तथा इसकी रिपोर्ट दिखाने डा. धमेन्द्र प्रसाद के पास गए। श्री शेख का दूसरा क्रम था। बावजूद इसके एनटीपीसी कर्मचारियों का ही उपचार किया जा रहा था, जिसका विरोध जताने पर चिकित्सक धर्मेन्द्र प्रसाद ने कहा कि यह उनका प्रोटोकाल है।

## निधन

### रविंद्र सिंह



**कोरबा।** मशहूर हलवाई की पहचान रखने वाले नारायण सिंह के पुत्र रविंद्र सिंह जो कि वर्षों से कैटरिंग के काम से जुड़े हुए थे, उनका आकस्मिक निधन हो गया। वे काफी दिनों से अस्वस्थ्य चल रहे थे और इलाज के दौरान उनका निधन हो गया। क्रमांक 5 देवांगनपारा के इंदिरा नगर ठाकुरदिया चौक के पास के निवासी रविंद्र सिंह के निधन की खबर से शोक की लहर दौड़ पड़ी है। वे अपने पीछे भरा-पूरा परिवार रोता-बिलखता छोड़ गए हैं।

### कुत्ते और छोटे जानवरों को लायंस कंपनी तो बड़े मवेशियों के लिए अलग से ठेका

# मृत पशुओं के शव का निष्पादन बड़ी चुनौती, मंगला में दफना रहे, बदबू और गंदगी से लोग परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मंगला चौक को निगम ने कचरा घर बनाकर रख दिया है। रोजाना शहर और आसपास का कचरा यहां फेंका जा रहा है। इससे लोग परेशान है। इसके साथ ही निगम क्षेत्र सहित जिले में जानवरों के शवों को खुले में फेंका जा रहा है। इनके दफनाने की कोई व्यवस्था नहीं होने के कारण गंदगी और बदबू तो फैल ही रही है, बीमारी की भी आशंका है।

- कचरे के कारण मंगलावासी परेशान हो रहे हैं
- शहर के बाहर भी स्थान की तलाश नहीं कर पाया निगम

हालांकि निगम का कहना है कि मंगला में निगम की 25 एकड़ जमीन पर इन्हें दफनाने के साथ ही उपर से मिट्टी डाली जाती है, जिससे बदबू ना फैले। निगम का कहना है कि कुत्ते और छोटे जानवरों को लायंस कंपनी ले जा कर दफनाती है तो बड़े मवेशियों के लिए अलग से दूसरी कंपनी को काम दिया गया है, जिसे प्रति महीना एक लाख का भुगतान किया जाता है। यह एजेंसी पशुओं की शरीर में जरूरी चीजों जैसे वसा, हड्डी का चूरा जैसे अन्य उपयोगी वस्तु निकालकर शेष हिस्से को जमीन में दफना देती है। शहर के मंगला में महीनों से कचरा डंप कर उसे कूड़ा घर के रूप में तब्दील कर दिया है। कचरे के कारण मंगलवासी परेशान हो रहे हैं। गंदगी और मच्छरों ने जीना दूभर कर दिया है। इसके बावजूद अधिकारी सफाई पर ध्यान नहीं दे रहे हैं। दूसरी ओर शहर में मृत होने वाले मवेशियों के निस्तारण के लिए नगर निगम के पास कोई ऐसा स्थान नहीं है, जहां पर ठीक तरीके से व्यवस्था बनाई जा सके। इसलिए अलग-अलग स्थानों पर मवेशियों को फेंका जाता है। हाल यह है कि शहर के भीतर स्थान की कमी है और शहर के बाहर भी नगर निगम कोई स्थान नहीं तलाश पाया। इससे समस्या और भी बढ़ गई हैं।





मंगला में किया जा रहा कचरा डंप, गंदगी और बदबू से बीमारी फैलने की आशंका। मंगला में निगम की खाली पड़ी जमीन पर मृत मवेशियों को किया जा रहा दफन।

#### इंसीनरेटर की ली जाएगी जानकारी

मृत पशुओं के शव का निष्पादन फिलहाल मंगला में ही किया जा रहा है। इंदौर में इंसीनरेटर के माध्यम से इसके निष्पादन की जानकारी ली जाएगी।

– **अमित कुमार** आयुक्त, नगर निगम

#### कछार ले जाया जा रहा है कचरा

मंगला में निगम की 25 एकड़ जमीन पर मवेशियों को दफनाने के साथ ही उपर से मिट्टी डाली जाती है जिससे की बदबू ना फैले। कुत्ते और छोटे जानवरों को लायंस कंपनी ले जा कर दफनाती है तो बड़े मवेशियों के लिए अलग से दूसरी कंपनी को काम दिया गया है। मंगला में डंप हो रहे कचरे से को उठाकर कछार ले जाया जाता है।

– **खजांची कुम्हार** अपर आयुक्त

# गुड फ्राइडे पर गिरजाघरों में मसीहीजनों ने की प्रार्थना



प्रर्थना करते मसीही समाज के लोग।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

नगर समेत विभिन्न क्षेत्रों में ईसाई समुदाय ने शुक्रवार को दुख भोग सप्ताह की महत्वपूर्ण कड़ी गुड फ्राइडे को भक्ति और आत्ममंथन के साथ मनाया। इस अवसर पर शहर के सभी प्रमुख गिरजाघरों में विशेष प्रार्थना सभाओं और संगीत कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में मसीही समुदाय के स्त्री, पुरुष और बच्चे शामिल हुए।

शुक्रवार की सुबह 8 बजे से ही चर्चों में श्रद्धालुओं की उपस्थिति दर्ज होनी शुरू हो गई। चर्च प्रबंधन के पदाधिकारियों और पादरियों द्वारा विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया, जिसमें प्रभु यीशु मसीह द्वारा क्रूस पर दिए गए बलिदान को स्मरण किया गया। इस अवसर पर सात वचनों पर विशेष प्रकाश डाला गया, जो प्रभु यीशु ने क्रूस पर अपने अंतिम क्षणों में कहे थे। इन वचनों के माध्यम से धर्मगुरुओं ने जीवन में करुणा, क्षमा और सत्य के मार्ग पर चलने का संदेश दिया। गुड फ्राइडे पर उपस्थित धर्मगुरुओं ने समुदाय को संबोधित करते हुए इस दिन के महत्व को समझाया। उन्होंने बताया कि यह दिन केवल शोक या दुःख प्रकट करने का नहीं, बल्कि आत्मचिंतन और आत्मशुद्धि का दिन है। यह दिन हमें सिखाता है कि त्याग, क्षमा और प्रेम के माध्यम से हम न केवल प्रभु के करीब आ सकते हैं, बल्कि अपने जीवन को भी सच्चे अर्थों में सार्थक बना सकते हैं। इस प्रकार, कोरबा में गुड फ्राइडे का आयोजन श्रद्धा, भक्ति और सामूहिक एकता की मिसाल बनकर उभरा, जिसने न केवल मसीही समुदाय को जोडने का कार्य किया बल्कि समाज को भी करुणा और प्रेम का संदेश दिया।

### मसीही समाज ने राहगीरों को पिलाई शरबत

भीषण गर्मी में युवा मसीह समाज ने गुड फ्राइड के अवसर पर राहगीरों को राहत देने व उनकी प्यास बुझाने के लिए गुरुवार को शरबत का वितरण किया। चिलचिलाती धूप व बदन झुलसाने वाली गर्मी को देख मंगलवार को युवा मसीह समाज ने टीपी नगर स्थित न्यू बस स्टैंड में राहगीरों को शरबत पिलाया। जिसमें युवाओं ने वाहन चालकों को रुकवाकर ठंडा शरबत पिलाया। बढ़ती गर्मी को देखते हुए युवाओं ने सुबह से बस स्टैंड पहुंच कर शरबत पिलाना शुरु कर दिया था। युवाओं के इस कार्य का लोगों ने जमकर सराहना। सुशांत मसीह एवं शशांक बर्मन के अगुवाई में राहगीरों को शीतल जन व शरबत का वितरण किया गया। इस दौरान पैदल, साइकिल, मोटर साइकिल, कार, बस, आटो आदि वाहों से सफर करने वाले लोगों को शीतब जल पिनाया। इतना ही नहीं रास्ते के लिए उनकी बोतलों में भी शरबत भर कर देने का काम किया गया। गुरुवार को आयोजित कार्यक्रम में मुस्त्रिम समुदाय के युवा भी शामित्र हुए और कार्य की सराहना की। दोनों समुदाय के युवाओं ने मिल कर राहगीरों को ठंडा शरबत पिलाया जिसके चनते ईस्टर सहित गुड फ्राइड के पर्व की खुशी व उल्त्रास और अधिक बढ़ गई। आसिफ मिर्जा (निशु) ने बताया कि ईस्टर और गुड फ्राइडे का त्योहार खुशियों का एवं भाईचारे का त्योहार है।

# शासकीय कन्या विद्यालय में दस दिवसीय इंटर्नशिप कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा



शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कटघोरा में व्यावसायिक शिक्षा में अध्ययनरत कक्षा 11 वीं एवं 12 वीं ट्रेड रिटेल एवं ब्यूटी एडं वेलनेस की छात्राओं ने प्राचार्य दिनेश कुमार हाकरे एवं व्यावसायिक प्रशिक्षक विकास अग्रवाल के मार्गदर्शन में 10 दिवसीय इंटर्नशिप पूर्ण किया।

दस दिवसीय इंटर्नशिप के दौरान छात्र-छात्राओं द्वारा किए गए कार्यों को प्रोत्साहित करने के लिए प्रमाण पत्र प्रदान किए गए, और प्रत्येक विद्यार्थी के खाते में 1125 रुपये की राशि का भुगतान किया गया। कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों को चार वर्षों में स्व-रोजगार स्थापित करने के लिए हुनरमंद बनाया जाता है, जिसमें प्रति वर्ष अतिथि व्याख्यान और औद्योगिक भ्रमण भी आयोजित किए जाते हैं। इस कार्यक्रम में संस्था के प्राचार्य दिनेश कुमार हाकरे, गांव के गणमान्य नागरिक, पालक और सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे। प्राचार्य श्री हाकरे ने उन सभी संस्थाओं का आभार व्यक्त किया जिन्होंने छात्राओं को इंटर्नशिप पूरी करने में सहयोग प्रदान किया है। उन्होंने यह भी बताया कि आज के समय में व्यावसायिक शिक्षा अत्यंत आवश्यक है। अन्य विषयों की पढ़ाई के साथ-साथ विद्यार्थियों को अपने अंदर व्यावसायिक हुनर विकसित करना और स्व-रोजगार के लिए सक्षम बनाना बहुत महत्वपूर्ण है।

## नितेश कुमार मेमोरियल लायंस पब्लिक स्कूल का स्थापना दिवस आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ मड़वारानी

ग्राम खरहरकुड़ा मड़वारानी में सीबीएसई मान्यता प्राप्त विद्यालय नितेश कुमार मेमोरियल लायंस पब्लिक स्कूल का 9वां स्थापना दिवस समारोह का भव्य आयोजन 19 अप्रैल को फूलसिंह राठिया विधायक रामपुर विधानसभा, फिल्म जगत के सुप्रसिद्ध हास्य फिल्म कलाकार गोवर्धन असरानी, रज्जाक अली जिला पंचायत सदस्य, बीके रचना राजयोग शिक्षिका, ब्रम्हकुमारी, पीएमजेएफ लायन विजय अग्रवाल डिस्ट्रिक्ट गवर्नर निर्वाचित, एमजेएफ लायन रिपुदमन पुसरी (प्रथम वाईस डिर्स्ट्रिक्ट गवर्नर (निर्वाचित) एवं लायन पवन मलिक (द्वितीय वाईस डिर्स्ट्रिक्ट गवर्नर निर्वाचित) के आतिथ्य में किया जायेगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के चेयरमेन पीएमजेएफ लायन डॉ. राजकुमार अग्रवाल द्वारा किया जायेगा। विद्यालय का स्थापना दिवस समारोह 19 अप्रैल को मनाया जायेगा। जिसमें रामपुर विधायक सहित अन्य लायन दिग्गजों के साथ साथ फिल्म जगत के जाने माने हास्य कलाकार असरानी उपस्थित होंगे।

सौम्य वातावरण में स्थित छत्तीसगढ़ का सर्वोत्कृष्ट 7th स्टॉर रैंकिंग अवार्डेड सीबीएसई अंग्रेजी माध्यम स्कूल
Nitesh Kumar Memorial
LIONS PUBLIC SCHOOL
KHARHARKUDA, MADWARANI, KORBA (C.G)
(AFFILIATED TO CBSE NEW DELHI 3330422)
स्व. श्री नितेश कुमार अग्रवाल
9वां
स्थापना दिवस व सम्मान समारोह
कार्यक्रम
दिनांक : 19 अप्रैल 2025 शनिवार
समय : सायं 04.00 बजे से
स्थान : नितेश कुमार मेमोरियल लायंस पब्लिक स्कूल, खरहरकुड़ा
सम्माननीय अतिथिगण
मा. श्री फूलसिंह राठिया जी – विधायक, रामपुर विधानसभा
श्री असरानी जी – फिल्म अभिनेता
श्री रज्जाक अली जी – जिला पंचायत सदस्य, कोरबा
बी.के. रचना दीदी – राजयोग शिक्षिका (ब्रम्हकुमारी)
PMJF लायन विजय अग्रवाल जी – डिस्ट्रिक्ट गवर्नर (निर्वाचित) डि. 3233 सी
MJF लायन रिपुदमन पुसरी जी – प्रथम वाईस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर (निर्वाचित) डि. 3233 सी
लायन पवन मलिक जी – द्वितीय वाईस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर (निर्वाचित) डि. 3233 सी
PMJF लायन डॉ. राजकुमार अग्रवाल जी – चेयरमेन, नितेश कुमार मेमोरियल लायंस पब्लिक स्कूल
सम्मान समारोह एवं पुरस्कार वितरण
• लायंस डिस्ट्रिक्ट नेतृत्वकर्ताओं (लीडर्स) का सम्मान
• ग्राम सरपंच व पंचों का सम्मान
• नव प्रवेशी विद्यार्थियों को बुक एवं गणवेश का वितरण
• क्षेत्र की प्रतिभाशाली महिलाओं का सम्मान
• जिले में विशेष योगदान देने वाले गणमान्य नागरिकों का सम्मान
• विशिष्ट कार्यों के लिए पत्रकारों का सम्मान
• स्टॉफ ऑफ द ईयर व विद्यालय स्टॉफ का सम्मान
विशेष आकर्षण : विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा शानदार आर्केस्ट्रा, डांस एवं अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम
विनीत : दीपक जायसवाल (प्राचार्य) एवं समस्त स्टॉफ, नितेश कुमार मेमोरियल लायंस पब्लिक स्कूल खरहरकुड़ा
विशेष : 19 अप्रैल 2025 तक एडमिशन लेने वाले नए छात्रों को
ADMISSION FREE
BOOK SET FREE
SCHOOL UNIFORM FREE
Admission Open Session - 2025-26 Nursery to Class 12th
• Smart Classes
• Digital School
• Bus Services
• Largest Library
• Music Classes
• Cultural Activities
• Sports, Yoga
50% off on Sibling's Fees
KORBA- CHAMPA ROAD, KHARHARKUDA, MADWARANI, DISTT. KORBA (C.G.)
Call@62612-97651, 74899-24435
website : www.lionspublicschoolkharharkuda.com E-Mail : lionspublicschoolkharharkuda@gmail.com

# महापौर ने किया छत्तीसगढ़ी डिज्नीलैंड मेले का उद्घाटन



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बुधवारी बाजार मेला ग्राउंड में छत्तीसगढ़ी डिज्नीलैंड मेला का आयोजन किया जा रहा है। शहर के मध्य स्थित बुधवारी बाजार मेला ग्राउंड में सबसे बड़े छत्तीसगढ़ी डिज्नीलैंड मेला का गुरुवार की देर रात महापौर ने फीता काटकर किया। इस मौके पर निगम सभापति नूतन सिंह ठाकुर, भाजपा जिला अध्यक्ष मनोज शर्मा, पार्षद नरेंद्र देवांगन, रवि चंदेल, मुकुंद कंवर, नगर निगम के एमआईसी मेंबरों, पार्षदों, मेला संचालक कुलदीप ताम्रकार उपस्थित रहे। फिश टनल के मैनेजर ने बताया कि यह विदेशी तकनीक और डिजाइनों पर आधारित है। कोरबा के लोग समुद्र के अद्भुत जीवन को करीब से देख सकेंगे। यहां विभिन्न प्रकार की मछलियों की प्रजातियां को उनके प्राकृतिक आवास के करीब के माहौल में प्रदर्शित किया जाएगा। कोरबा में यह पहली बार है कि इतने बड़े स्तर पर एक समुद्री जीवन आधारित टनल का निर्माण हो रहा है। इसके माध्यम से स्थानीय लोग समुद्र के गहराइयों को महसूस कर सकेंगे। टनल के भीतर का वातावरण और प्रकाश व्यवस्था इसे और भी रोमांचक बनाएंगी। उन्होंने बताया कि मेला की समय शाम 5 बजे से रात्रि 10 बजे तक की होगी। यह मेल 45 दिनों तक चलेगा।

### मानव सेवा मिशन ने वृद्धा आश्रम में बांटी खाद्य सामग्री

**कोरबा।** समाजसेवी संस्था मानव सेवा मिशन बालको ने प्रशांति वृद्धा आश्रम कोरबा पहुंच कर बुजुर्गों का हाल चाल जाना एवं पूर्व में जताए गए आवश्यकता के अनुरूप सभी बुजुर्गों को दैनिक उपयोग के लिए सूखा नाश्ता एवं मौसमी फल तरबूज बांटे। सेवा मिशन की सदस्य एवं बालको चिकित्सालय की डॉ स्मिता प्रसाद ने बुजुर्गों महिलाओं को वस्त्र, दवाई एवं अन्य सामग्री उपलब्ध कराया गया। मानव सेवा मिशन के द्वारा वृद्धा आश्रम में जाकर स्वादिष्ट भोजन, राशन सामग्री, सुखा नाश्ता एवं अन्य सामग्री उपलब्ध कराया जाता है। इस मौके पर केशव चन्द्रा,अमर पटेल, राजेश धीवर, सत्यम सोनी, क्रांति सोनी, माधुरी चन्द्रा, उमा पटेल, मेघा सोनी, अल्का पृथ्वीकर, पूर्वी धीवर, विधि पाली एवं प्रशांति वृद्धा आश्रम के संचालक वीरू यादव एवं अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

KRISHNA Multispeciality Hospital
AFFORDABLE AND TRUSTED HEALTHCARE
24/7 Emergency Services
उपलब्ध विभाग
• हड्डी रोग विभाग
• एक्सीडेंट एवं ट्रामा युनिट
• मेडिसिन रोग विभाग
• छाती रोग विभाग
• सर्जरी विभाग
• शिशु रोग विभाग
• स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग
• इनफर्टिलिटी विभाग
• पैथोलॉजी विभाग
• इंटेंसिव एण्ड क्रिटिकल केयर यूनिट
• न्यूरोसर्जरी विभाग
आयुष्मान एवं कैशलेस टीपीए उपलब्ध
उपलब्ध सुविधाएं
• 96 स्लाइस एडवांस सीटी स्कैन
• X-Ray 3D 4D USG, EEG, ECG, TMT,
• PFT की सुविधा
• वेंटीलेटर की सुविधा
• अनुभवी स्टाफ की टीम
• डायलिसिस की सुविधा
• 24 घंटे फार्मेसी एवं पैथोलॉजी की सुविधा
• 24 X 7 अपातकालीन सुविधाएं
कृष्णा मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
मंगलम् विहार, कोसाबाड़ी कोरबा (छ.ग.) 7771005425, 77710-13560
Help Line No.:- 9109127585

HEALTH TOWN
अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभात टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 8103128515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
• सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
• ऑपरेशन द्वारा ईलाज
• नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जॉच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
• टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
• दांतो की नसों का इलाज
• दांतों की सफाई व चमकाना
• दंत प्रत्यारोपण
• मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन

18 korba-pg3_Layout 1 4/18/2025 11:41 PM Page 1

तापमान

अधिकतम 34.0 डिग्री

न्यूनतम 12.0 डिग्री

हरिभूमि

# कोरबा भूमि

बिलासपुर, शनिवार 19 अप्रैल 2025

[ दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा ]

4

वार्षिक परीक्षा परिणाम के बाद पूरक परीक्षा के लिए नहीं मिल रहा समय



# एनीकट और स्टॉप डेम से कितना रकबा सिंचित हुआ रिकार्ड तैयार कर रहा सिंचाई विभाग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

राज्य शासन से सिंचाई योजनाओं के तहत जिले को मिली वित्तीय शाखा से अंचल में खेती का रकबा सिंचित हुआ और कितना असिंचित है इसका रिकार्ड सिंचाई विभाग तैयार कर रहा है राज्य शासन को इसकी रिपोर्ट विभाग द्वारा भेजी जाएगी। सिंचित और असिंचित रकबे के आधार पर ही योजनाओं को संचालित करने हेतु शासन से फंड जारी होता है।


अलग खबर

राज्य शासन के द्वारा विभागों को दिए जाने वाले बजट में अब पूर्व में दिए गए राशि के उपयोग के संबंध में भी जानकारी मांगी गई है। इसमें सिंचाई विभाग के सिंचित और असिंचित रकबे की जानकारी प्रमुख रुप से शामिल हैं। शासन की ओर से सिंचाई विभाग को अंचल में खेती का सिंचित रकबा बढ़ाने के लिए नालों में एनीकट निर्माण, नहर निर्माण और शाखा नहर के विस्तार के लिए एक बड़ी राशि जारी होती है उक्त राशि से अंचल के किस क्षेत्र का कितना रकबा सिंचित हुआ है और कितना रकबा अभी भी असिंचित क्षेत्र के दायरे में आ रहा है। ऐसे क्षेत्रों की जानकारी सिंचाई विभाग जानकारी एकत्र कर आगामी योजनाओं के लिए राज्य शासन को प्रस्ताव भेजते हैं। उसके बाद शासन की ओर से विभाग को मद जारी किया जाता है और अब शासन सिंचाई विभाग से अब तक विभागीय योजनाओं के अंतर्गत जिले में खेती का कितना रकबा सिंचित दायरे में आया और कितने रकबे को सिंचित दायरे में लाना है इसकी रिपोर्ट मांगी गई है और उसके बाद ही नई योजनाओं के लिए मद जारी किया जाएगा।

## सिंचित और असिंचित रकबे के आधार पर तैयार की जाती है योजनाएं

### खास बातें

- सिंचाई विभाग को खेती के बढ़े हुए सिंचित रकबा की जानकारी भेजना होगा शासन को



### करतला सर्वाधित सिंचित दायरे में

जिले का करतला विकासखंड का मैदानी क्षेत्र में खेती का रकबा ज्यादा सिंचित है, जिले में सबसे अधिक धान की पैदावार करतला विकासखंड के ग्रामीण अंचलों में होती है जिनमें भैसमा, तुमान, करतला, रामपुर, चिकनीपाली, जवाली, बरपाली, कोथारी, सरगबुंदिया, मड़वारानी, तिलकेजा जैसे बड़े गांव शामिल हैं जो सिंचाई विभाग के बांयी और दांयी तट नहर से सिंचित होते हैं।

## खबर संक्षेप

### मायुमं का रक्तदान शिविर शपथ ग्रहण समारोह कल

**बांकीमोंगरा।** मारवाड़ी युवा मंच शाखा बांकीमोंगरा के अध्यक्ष प्रकाश अग्रवाल, सचिव विकास अग्रवाल, कोषाध्यक्ष रितेश अग्रवाल को बनाया गया है। साथ ही मारवाड़ी युवा मंच के संरक्षक संतोष अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, अशोक अग्रवाल, लखपत शर्मा, दिनेश अग्रवाल, रविन्द्र अग्रवाल, राजू शर्मा, प्रमोद अग्रवाल, प्रदीप अग्रवाल, विनय अग्रवाल की उपस्थिति में गठन हुआ। मारवाड़ी युवा मंच का उद्देश्य है कि एक मंच एक लक्ष्य, सशक्त युवा, सशक्त राष्ट्र, निस्वार्थ भाव से समाजिक व राजनैतिक सेवा है। मारवाड़ी युवा मंच का पदाधिकारियों का गठन के पश्चात प्रथम कार्य 20 अप्रैल को विशाल रक्तदान शिविर एवं सड़क सुरक्षा अभियान के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। आयोजन बांकीमोंगरा अग्रसेन भवन में किया जाएगा । इसके अलावा नवगठित मारवाड़ी युवा मंच के द्वारा पदाधिकारियों व सदस्यों के द्वारा शपथ ग्रहण कराया जाएगा। इसके अलावा रक्तदान शिविर में रक्तदाता को हेलमेट व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा।

### सोसायटी ने प्याऊ घर का किया शुभारंभ

**कोरबा।** मानव सेवा के लिए दृढ़ संकल्पित सांत्वना फाउंडेशन सोसायटी द्वारा आमजनों के लिए भीषण गर्मी मे रेलवे स्टेशन परिसर में प्याऊ की सुविधा प्रदान की जा रही है। गुरुवार को प्याऊ घर का शुभारंभ सांत्वना फाउंडेशन के अध्यक्ष सुनील वर्गीस द्वारा किया गया। जिसमें समिति के कार्यकारणी सदस्य एवं रेलवे परिसर के आम जनता उपस्थित रहे।

### 1 मई को विशाल श्रमिक दिवस मनाने का निर्णय

**कोरबा।** एक मई को कोरबा घंटा घर में स्थित डॉ बाबा साहब अंबेडकर की मूर्ति स्थल पर संवैधानिक भारत राष्ट्र नवनिर्माण अभियान के तहत विशाल श्रमिक दिवस मनाने का एक शुरुवाती निर्णय बैठक कर लिया गया है। बैठक राष्ट्रीय संयुक्त मोर्चा भारत के राष्ट्रीय संयोजक गोपाल ऋषिकर भारती की मुख्य उपस्थिति एवं छत्तीसगढ़ अखबार वितरक संघ के प्रदेश अध्यक्ष विनोद सिन्हा की अध्यक्षता में सुभाष चौक के पास सामुदायिक भवन में आयोजित की गई। बैठक में मूलनिवासी मुक्ति मोर्चा के नवनियुक्त प्रदेश कार्यवाहक अध्यक्ष मोहम्मद सफी,केंद्रीय सलाहकार अहमद खान, गाड़ा चौहान समाज के केंद्रीय अध्यक्ष रामकृष्ण चौहान, गायक मोहम्मद अनीश, अखबार वितरक संघ के जिला प्रभारी कुलदीप वैश्य उपस्थित थे। बैठक में श्रमिकों के कल्याण एवं स्थानीय उद्योगों अंचल के बेरोजगारों को रोजगार आदि विषयों के साथ ही श्रमिक दिवस को भारत राष्ट्रवाद और समाज सेवा से जोड़ा जाएगा।

### पार्षद ने सफाई कर्मचारियों से कराया साफ सफाई

**बांकीमोंगरा।** नगरपालिका परिषद बांकीमोंगरा के वार्ड क्रमांक 28 में नाली की सफाई व बच्चों के खेलने के स्थान पर जमा कचरा को हटाने के लिए पार्षद पालिका के जेसीबी व सफाई कर्मचारीयों के साथ खुद सफाई कराई। जब से श्रवण कुमार यादव वार्ड क्रमांक 28 के पार्षद बने हैं वार्ड विकास कार्य पर जोर दे रहे हैं। विगत दिनों वार्ड में नये कार्यों की भूमि पूजन नगरपालिका परिषद अध्यक्षा श्रीमती सोनी झा एवं भाजपा युवा मोर्चा कोषाध्यक्ष विकास झा के कर कमलों से हुआ है। भूतपूर्व पार्षद के द्वारा वार्ड में की जगह पर नाली को आधा बना कर छोड़ दिया गया है जिसे भी वर्तमान पार्षद ने जल्द से जल्द पूरा कराने की बात कही है, साथ ही वार्ड में अधूरे व नये सड़क निर्माण भी कराये जाने की बात कही, नये पार्षद के द्वारा कराए जा रहे कार्य से वार्ड वासियों को अपने वार्ड में विकास कार्य होने की आस जगी है।

## टीपी नगर चौक से रैली की शक्ल में कांग्रेस कार्यालय पहुंचे भाजपाइयों ने तोड़ा बेरीगेट्स

# भाजयुमो ने कांग्रेस कार्यालय का किया घेराव राहुल और सोनिया गांधी का फूंका पुतला

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय में पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था को ध्वस्त कर भाजयुमो व भाजपा पदाधिकारियों ने जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय का घेराव कर प्रदर्शन किया। इस दौरान कांग्रेस कार्यालय के सामने ही नारेबाजी करते हुए कांग्रेस नेता राहुल गांधी का पुतला दहन किया गया। इससे पहले टीपी नगर चौक पर भाजपा कार्यकर्ता एकत्र हुए और यहां से ईडी के समर्थन में नारेबाजी करते हुए जिला कांग्रेस कार्यालय तक पहुंचे। जहां भाजपाईयों व पुलिस के बीच हल्की नोंक झोंक भी देखने को मिली।

### खास बात

- ईडी के समर्थन में भाजयुमो का धरना प्रदर्शन, पुलिस के साथ हुई नोंक झोंक

उल्लेखनीय है कि नेशनल हेराल्ड मामले में की जा रही छापामारी का कांग्रेस द्वारा किए जा रहे विरोध को लेकर ईडी के समर्थन में भाजयुमो द्वारा देश भर में जिला कांग्रेस कार्यालय मुख्यालय में प्रदर्शन कर राहुल गांधी का पुतला फूंके जाने का निर्देश दिया गया था। दरअसल नेशनल हेराल्ड मनी लॉन्ड्रिंग केस प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा सोनिया गांधी, राहुल गांधी समेत कांग्रेस के शीर्ष नेताओं के खिलाफ की गई कार्रवाई के बाद देशभर में कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी आमने-सामने हैं। जहां कांग्रेस लोकतंत्र बचाओ अभियान के तहत ईडी के खिलाफ प्रदर्शन कर रही है, वहीं भाजयुमो इसका जवाब आक्रामक विरोध के रूप में दे रहा है। इसी कड़ी शुक्रवार को जिले में भाजयुमो के नेतृत्व में एक विशाल रैली और प्रदर्शन का आयोजन किया गया। यह विरोध प्रदर्शन सुबह 11 बजे टीपी नगर चौक से प्रारंभ हुआ, जहां से रैली के रूप में कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस कार्यालय की ओर कूच किया। प्रदर्शनकारियों ने राहुल गांधी मुर्दाबाद, सोनिया गांधी मुर्दाबाद जैसे नारों के साथ कांग्रेस कार्यालय का घेराव किया और राहुल गांधी का पुतला दहन कर अपना विरोध जताया। धरना प्रदर्शन में भाजपा जिलाध्यक्ष मनोज शर्मा, महापौर संजू देवी राजपूत, भाजयुमो जिलाध्यक्ष पंकज सोनी, भाजपा पार्षद एवं जिला महामंत्री नरेंद्र देवांगन, अनूप यादव, पूर्व मंडल अध्यक्ष अजय विश्वकर्मा, संवाद प्रमुख मनोज मिश्रा, पवन सिन्हा, भाजपा मंडल अध्यक्ष योगेश मिश्रा, दिलेन्द्र यादव, भाजयुमो प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सुभाष, अविनाश, प्रीति स्वर्णकार भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष रंजू, दिव्यांश, अनुराग अन्य प्रमुख कार्यकर्ता बृजेश यादव, दीनदयाल, राजा, बंटी साहू, पिंकू रंजन, मोंटी पटेल, पार्षद पंकज देवांगन, ईश्वर पटेल, मंगल राम, स्वाति कश्यप, अर्चना रूनिझा, चंदन सिंह, श्याम साहू सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे। इन सभी ने कार्यक्रम को संबोधित किया और कांग्रेस नेतृत्व पर तीखा हमला बोला। सभी नेताओं ने एक स्वर में कांग्रेस पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाए और गांधी परिवार को कटघरे में खड़ा किया।



बेरीगेड्स तोड़ते भाजयुमो के पदाधिकारी व कार्यकर्ता।





कांग्रेस नेता सोनिया व राहुल गांधी का पुतला दहन करते भाजपा पदाधिकारी।

### कार्यालय घेराव पर कांग्रेस का पलटवार

जिला कांग्रेस अध्यक्ष नत्थू लाल यादव ने भाजयुमो द्वारा कांग्रेस कार्यालय के घेराव पर पलटवार करते हुए कहा कि कांग्रेस कार्यालय का घेराव कर भाजपा किसका भला कर रही है, क्या आमजनों को इससे लाभ मिलेगा। जिलेवासी राखड़ की समस्या से त्रस्त है। गर्मी के दिनों में थोड़ा भी हवा चलती है तो राखड़ का गुब्बार चारों तरफ फैल जाता है। वहीं लोगों को पर्याप्त पानीं नहीं मिल रहा, स्ट्रीट लाईट खुद अंधेरे है। इन मुद्दों पर भाजपा के नेता चुप हैं, क्योंकि निगम में उनका राज है। राज्य एवं केन्द्र में भी उनका राजपाट है। ऐसे में भाजपा के कार्यकर्ता किसके विरोध में प्रदर्शन करेंगे। युवा कांग्रेस के अध्यक्ष राकेश पंकज ने कहा कि भाजपा के कार्यकर्ता विगत 15 वर्षों से विरोध की राजनीति करते आ रहे हैं, जो उनकी आदत में शामिल हो गया है। कांग्रेस कार्यालय का घेराव व प्रदर्शन ईडी का समर्थन दर्शाता है। कांग्रेस ने भाजपा कार्यालय का घेराव नहीं है और ना ही भाजपा के किसी नेता का पुतला दहन किया है, कांग्रेस ईडी दफ्तर के सामने प्रदर्शन किया है तो भाजपा के पेट में दर्द क्यों हो रहा है?

### भ्रष्टाचार और काले कारनामों की हो जांच

भाजपा जिला अध्यक्ष मनोज शर्मा ने कहा कि कांग्रेस के भ्रष्टाचार और काले कारनामों की जांच हो रही है। इससे कांग्रेस बौखला गई है। महापौर संजू देवी राजपूत ने कहा कि मां-बेटे और दामाद को जेल में होना चाहिए, जो अभी जमानत पर हैं। भाजपा नेता नरेंद्र देवांगन ने कहा कि उनकी पार्टी शुरू से ही भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई लड़ती आई है। कांग्रेस सरकार में जो भ्रष्टाचार हुए वे अब सामने आ रहे हैं। इसी के विरोध में यह कार्यक्रम किया गया।

### भाजयुमो का आरोप

भाजयुमो का कहना है कि कांग्रेस लोकतंत्र बचाओ की आड़ में ईडी की कार्रवाई से जनता का ध्यान भटका रही है। जबकि वास्तव में यह एक बड़ा आर्थिक अपराध है, जिसे अब जनता के सामने लाना जरूरी हो गया है। भाजयुमो का दावा है कि उनका यह प्रदर्शन गांधी परिवार की कथित आर्थिक अनियमितताओं के खिलाफ जनता की आवाज है।

### पीएम आवास निर्माण में बर्दाश्त नहीं की जाएगी लापरवाही : कलेक्टर

**कोरबा।** कलेक्टर की अध्यक्षता में जनपद पंचायत पोड़ी उपरोड़ा के सद्भावना भवन में वर्ष 2024-25 में स्वीकृत पीएम आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत स्वीकृत आवासों की प्रगति की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। कलेक्टर ने वर्ष 2024-25 में स्वीकृत आवासों के निर्माण कार्य की अद्यतन प्रगति की समीक्षा करते हुए सभी अधिकारी-कर्मचारियों को प्रधानमंत्री आवास निर्माण के कार्य में सतत निगरानी रखने एवं सहयोग पहुंचाने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान अजीत वसंत ने कहा कि पीएम आवास निर्माण में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी नोडल अधिकारियों को नियमित मॉनिटरिंग कर दैनिक प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए कहा। साथ ही आवास मित्रों को प्रति दिन फील्ड में रहने, आवास की जियो टैग करने और ग्राम पंचायत सरपंचो को पूर्ण सहयोग प्रदान करने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने सभी स्वीकृत आवास को 15 जून तक पूर्ण कराने के निर्देश सभी अधिकारियों को दिए। पीएम जनमन योजना के तहत पीवीटीजी समुदाय के लोगों के निर्माणाधीन आवास की प्रगति की जानकारी लेते हुए शीघ्रता से पूर्ण कराने के निर्देश दिए। वर्ष 2016-23 में स्वीकृत व अपूर्ण आवासों की समीक्षा करते हुए लंबित कार्यों को जल्द से जल्द पूरा कराने की बात कहीउन्होंने जनपद पंचायत के पहाड़ी क्षेत्रो व ग्रामो में गिरते जल स्तर व पेयजल की समस्या के सम्बंध में जानकारी लेते हुए ऐसे क्षेत्रों में टेंकर के माध्यम से पेयजल पहुंचाने हेतु एसडीएम एवं सीईओ जनपद पंचायत पोड़ी उपरोड़ा को निर्देशित किया। कलेक्टर ने जनपद पंचायत क्षेत्र में मिस्त्री की समस्या को देखते हुये कलस्टवार मिस्त्री ट्रेनिंग कराने हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया।

# आदतन बदमाश सोनू और अखिलेश के खिलाफ मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में अपराधों एवं अपराधियों पर लगाम लगाने की दिशा में जिला पुलिस ने एक बार फिर आदतन अपराधी सोनू तिवारी और अखिलेश सिंह के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की है। दोनों बदमाशों पर हाल ही में सर्वमंगला मंदिर के पीछे गेट नंबर 4 के पास मारपीट की घटना के संबंध में थाना कुसमुंडा में धारा 296, 115(2), 351(2), 3(5) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है। जानकारी के अनुसार यह घटना 15 अप्रैल को दोपहर लगभग 2:30 बजे हुई थी। पुलिस ने मौके पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पूरे मामले की जांच शुरू की, जिसमें यह पाया गया कि आरोपी सोनू तिवारी के विरुद्ध पहले से ही कई आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं। मामले का त्वरित संज्ञान लेते हुए सोनू तिवारी एवं अखिलेश सिंह पर कार्रवाई की दृष्टि से पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी द्वारा सोनू तिवारी के विरुद्ध अग्रिम कार्यवाही हेतु प्रकरण जिला दंडाधिकारी को भेजा गया है। साथ ही साथ आरोपी अखिलेश सिंह के खिलाफ भी कार्यवाही की जा रही है। दोनों आरोपियों के विरुद्ध बीएनएसएस की धारा 170 के अंतर्गत भी कार्रवाई की गई।



अखिलेश सिंह



सोनू तिवारी

### पोषण पखवाड़ा का आयोजन 22 तक

**कोरबा।** व्यक्तिगत एवं समुदाय स्तर पर स्वास्थ्य एवं पोषण संबंधी व्यवहार परिवर्तन एवं जागरूकता लाने एवं जिले में पोषण संबंधी परिणामों में सुधार लाने के उद्देश्य से महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 8 से 22 अप्रैल तक पोषण पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। पोषण पखवाड़ा 2025 में मुख्य रूप से 4 थीम पर आधारित गतिविधियां का आयोजन किया जाएगा।


## समग्र शिक्षा विभाग से हो रहा था निर्माण कार्य

# शासकीय स्कूल व ग्रंथालय का निर्माण अब तक अधूरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के शहरी और ग्रामीण अंचलों में समग्र शिक्षा विभाग के माध्यम से कराया जा रहा है। स्कूल भवन निर्माण कार्य अधूरे पड़े हुए हैं। जिने के पूरे करने को लेकर ठेकेदारों को नोटिस जारी करने के बावजूद ध्यान नहीं दिया जा रहा है। ऐसे मामले कोरबा विकासखंड के नगर निगम क्षेत्र से लेकर कटघोरा विकासखंड में भी सामने आये हैं। जिनकी शिकायतें शाला प्रबंधन समिति के द्वारा प्रशासन से की गई है।

कटघोरा तहसील अंतर्गत ग्राम जवाली के शासकीय उच्चतर विद्यालय परिसर में निर्माणाधीन विद्यालय व ग्रंथालय भवन का निर्माण कार्य 6 साल बाद भी अधूरा है। भवन नहीं बनने पर नए शैक्षणिक सत्र में छात्रों को पुनः परेशानी का सामना करना होगा। भवन की कमी को दूर करने कटघोरा के पूर्व विधायक पुरुषोत्तम कंवर ने भूमिपूजन किया था। विद्यालय में एक भी चपरासी नहीं है। इस कारण विद्यालय के संचालन में कई तरह की परेशानी होती है। बताया जा रहा हैं की पूर्व में सालभर के लिए नियुक्त महिला चपरासी को 5 महीने का मानदेय नहीं मिला है। ग्राम जवाली में संचालित विद्यालय के परीक्षा परिणाम की घोषणा की गई। विद्यालय पहुंचे शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार नामदेव, प्राचार्य दीपक कुमार चंद्रा ने सरपंच दिलेश कुमार कंवर, विधायक प्रतिनिधि नरेंद्र तांडिया नए भवन के निर्माण में संबंधित ठेकेदार की लापरवाही की ओर ध्यान आकृष्ट कराया। विद्यालय परिसर में ग्रंथालय भवन निर्माण का काम 25 फीसदी होने की जानकारी दी। भवन नहीं बनने पर नए शैक्षणिक सत्र में होने वाली परेशानी से अवगत कराया। स्थानीय परीक्षा परिणाम 2024-25 की घोषणा परीक्षा प्रभारी शिक्षक जयकुमार पाटनवार ने की।



### बालको गर्ल्स स्कूल में अधूरा पड़ा प्रयोगशाला भवन

कोरबा विकासखंड के नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत बालको जोन में गर्ल्स हायर सेकेंडरी स्कूल के लिए प्रयोगशाला कक्ष की स्वीकृति मिली थी। जिसके अंतर्गत दो कमरों का निर्माण किया जाना था। इन दो कमरों का निर्माण ठेकेदार ने एक साल से काम अधूरा छोड़कर रखा हुआ है। जिसकी वजह से छात्राओं को बाहर हाल में बैठाना पड़ता है एवं प्रायोगिक कक्षाएं भी पुराने कक्षा में संचालित हो रही है। स्कूल के प्राचार्य के द्वारा भी अधूरे कार्य के संबंध में शिक्षा विभाग को अवगत कराया है लेकिन ठेकेदार के द्वारा अब तक काम को पूरा करने की शुरुआत नहीं की गई है।

# सीएमएचओ ने स्वास्थ्य संस्थाओं का किया औचक निरीक्षण



चिकित्सक व स्टॉफ से जानकारी लेते सीएमएचओ।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोरबा। कलेक्टर अजीत वसंत के मार्गदर्शन में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एस.एन. केशरी के द्वारा लगातार जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों तथा उप स्वास्थ्य केन्द्रों सुदृढ़करण हेतु निरीक्षण किया जा रहा है। 17 अप्रैल को रानी धनराज कुंवर देवी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिये। इसके पूर्व 16 अप्रैल को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र करतला एवं कोरबा ब्लाक के आयुष्मान आरोग्य मंदिर डोंगदरहा एवं करमंदी के एनक्यूएएस की तैयारियों निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होने अधिकारियों/कर्मचारियों का उपस्थिति रजिस्टर, ओ.पी.डी., आई.पी.डी, प्रसव कक्ष, दवा वितरण कक्ष, दवा भंडार कक्ष, पैथोलॉजी कक्ष तथा वैक्सीनेशन कक्ष एवं वार्ड का निरीक्षण किए। उन्होंने दवाईयों की उपलब्धता, उपकरणों तथा दस्तावेजों का सही रखरखाव पर ध्यान देने, सभी स्वास्थ्यगत व्यवस्थाओं को अधिक से अधिक लोगों तक पहुँचाने के लिए कार्यों की गुणवत्ता में वृद्धि करने, विद्युत व्यवस्था अच्छी रखने, अस्पताल तथा अस्पताल परिसर की साफ-सफाई रखने के निर्देश दिये। समस्त स्वास्थ्य संस्थाओं में प्रसव कक्ष को मेटरनल हेल्थ गाईडलाईन के अनुरूप बनाने, एन.सी.डी, सिकलसेल, आयुष्मान भारत, किशोर स्वास्थ्य क्लीनिक इत्यादि समस्त राष्ट्रीय कार्यक्रमों का संचालन बेहतर ढंग से संचालित करने तथा समस्त राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की रिपोर्टिंग समय पर आनलाईन तथा आफलाईन करने के निर्देश दिए।

## खबर संक्षेप



### पुरानी पेंशन की बहाली तकनीकी भत्ता करें लागू

**कोरबा।** बिजली उत्पादन कर्मचारी संघ ने राज्य बिजली कंपनी के उपक्रम उत्पादन व वितरण कंपनी में पुरानी पेंशन की बहाली व तकनीकी भत्ता को लागू करने की मांग दोहराई है। इस बार दोनों ही कंपनी के अध्यक्ष रोहित यादव के समक्ष संघ ने यह मांग की है। संघ के प्रदेश महामंत्री शब्बीर मेमन ने चेयरमैन से आग्रह किया है कि पावर कंपनीज में 1 अप्रैल 2004 के बाद नियुक्त अफसर-कर्मियों के लिए पुरानी पेंशन योजना को लागू करे। अब तक इससे वंचित 7 हजार कर्मचारियों को लाभ मिलेगा। इससे पावर कंपनीज पर किसी तरह का आर्थिक भार नहीं पड़ेगा। दूसरी ओर नवीन पेंशन योजना के तहत कंपनी के अंशदान की बचत होगा, जो प्रतिमाह करोड़ों रुपए में है। मेमन ने बताया कि अध्यक्ष ने कंपनी स्तर पर जल्द निर्णय लेने का भरोसा दिलाया है। साल 2022 से कंपनी में वर्ग और 2 में कार्यरत अधिकारियों को 1 3 फीसदी तकनीकी भत्ता को तृतीय और चतुर्थ श्रेणी के सभी तकनीकी कर्मियों के लिए भी लागू करने की मांग की गई है। साथ ही संगठन की पूर्व की मांग कंपनी में कार्यरत भू-विस्थापित कर्मचारियों के साथ वर्षों से हो रहे भेदभाव, वेतन पुनरीक्षण अनुसार वेतन एरियर्स की बकाया राशि के भुगतान, टाइपिंग परीक्षा में 5 हजार की डिप्रेशन की छूट का लाभ अनुकंपा आधार पर नियुक्त कर्मचारियों के साथ ही भू-विस्थापित कर्मचारियों को भी प्रदान प्रदान करने की ओर ध्यान आकृष्ट कराया।

### पद्मश्री पुरस्कार हेतु 31 जुलाई तक ऑनलाइन नामांकन

**कोरबा।** जिला प्रशासन द्वारा सभी कार्यालय प्रमुखों से पद्म विभूषण, पद्म भूषण तथा पद्मश्री पुरस्कार 2026 हेतु 31 जुलाई तक नामांकन प्रस्ताव ऑनलाइन आमंत्रित किया गया है। पद्म विभूषण, पद्म भूषण तथा पद्म श्री पुरस्कार के लिये भारत सरकार के गाइडलाइन अनुसार निर्धारित पात्रता एवं मापदण्ड के अनुरूप होने चाहिये।

### नाबालिग युवती की मौत, मर्ग कायम

**बिलासपुर।** शादी का झांसा देकर दैहिक शोषण करने और शादी नहीं करने से नाराज नाबलिग युवती ने फांसी लगा ली, परिजनों ने उसे गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया था, करीब 1 माह तक चले इलाज के दौरान उसे बचाया नहीं जा सका, 18 अप्रैल को उसने निजी अस्पताल में दम तोड़ दिया। शुक्रवार को सिम्स में नाबलिग युवती का पोस्टमार्टम कराया गया। मामला दुल्लापुर थाना पंडरिया क्षेत्र का है। युवती के परिजनों ने बताया कि उनकी बेटी का प्रेमप्रसंग गांव के रहने वाले घनश्याम साहू के साथ है, इस दौरान युवक ने नाबालिग को शादी का झांसा देकर दैहिक शोषण किया और दूसरे से शादी कर ली, इससे युवती की मानसिक हालत खराब रहने लगी और उसने 22 मार्च को फांसी लगा ली, घर पर मां ने उसे ऐसा करते देखा और जैसे तैसे जान बचाई और गंभीर हालत में लोरमी अस्पताल में भर्ती कराया।

## सीबीएसई की तर्ज पर सीजी बोर्ड के स्कूल भी ले रहे तत्काल परीक्षा

# वार्षिक परीक्षा परिणाम के बाद पूरक परीक्षा के लिए नहीं मिल रहा समय

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

घरेलू परीक्षाओं के परिणाम घोषणा के पखवाड़े भर भीतर पूरक परीक्षाएं सीबीएसई बोर्ड के स्कूलों के द्वारा ली जा रही है। इससे छात्रों को परीक्षाओं के तैयारी करने का समय नहीं मिल पा रहा है। सीबीएसई बोर्ड के तर्ज पर ही सीजीबोर्ड के स्कूल भी परीक्षा परिणाम घोषणा के पखवाड़े में ही परीक्षाएं ले रहे हैं।

परीक्षाओं की तैयारियों के लिए समय नहीं मिलने की शिकायतें अभिभावकों के द्वारा शिक्षा विभाग तक पहुंचाई गई है। उनकी मानें तो घरेलू परीक्षाएं कक्षा 9वीं और 11वीं की परीक्षा परिणाम 11 अप्रैल को घोषित किया गया है और एक पखवाड़े भर के बाद सीबीएसई बोर्ड के द्वारा घरेलू परीक्षा परिणाम में पूरक आये छात्रों की परीक्षाएं लिए जाने से छात्रों को परीक्षा की तैयारी करने के लिए पर्याप्त समय नहीं मिल रहा है। यह मामला सीबीएसई बोर्ड से संबंधित था और अब इसी के तर्ज पर सीजी बोर्ड से मान्यता लेकर चल रहे निजी स्कूल यहां तक के शासकीय स्कूल भी 9वीं और 11वीं कक्षा के परिणाम घोषणा के एक पखवाड़े के भीतर परीक्षा आयोजित करने की समय सारणी जारी कर दी है। इससे उन छात्रों को परीक्षा की तैयारी करने में समय नहीं मिल पा रहा है। जिनको किसी न किसी विषय में पूरक की पात्रता मिली है। ऐसे छात्रों के अभिभावकों ने अपनी शिकायतें शिक्षा विभाग तक पहुंचाई है।

**खास बात**

- तैयारी के लिए छात्रों को पखवाड़े भर का दिया जा रहा समय


फाइल फोटो

**नहीं आया है कोई लिखित आदेश**

घरेलू परीक्षाएं के परिणाम घोषणा के पखवाड़ेभर के भीतर पूरक परीक्षा लेने के संबंध में न तो कोई शिक्षा विभाग से आदेश आया है और न ही माध्यमिक शिक्षा मंडल ने ऐसा कोई आदेश जिला शिक्षा विभाग को आदेश जारी किया है। बिना किसी आदेश के सीजी बोर्ड के शासकीय और निजी स्कूल के कक्षा 9वीं और 11वीं की पूरक परीक्षाएं अप्रैल महीने में ही संपन्न करा रहे हैं। इससे छात्रों में मानसिक दबाव बढ़ा है।

**पूर्व में मिलता था महीने भर का समय**

कक्षा 9वीं और 11वीं की परीक्षा परिणाम घोषणा होने के बाद पूरक की पात्रता मिलने वाले छात्रों की परीक्षा के लिए एक से डेढ़ माह का समय मिला करता था इन दोनों कक्षों की परीक्षाएं जून में स्कूल खुलने के बाद आयोजित की जाती थी। इससे छात्रों को परीक्षा की तैयारी करने के लिए पर्याप्त समय मिल जाता था। वर्तमान में जिस तरह से बिना किसी लिखित आदेश के शासकीय और निजी स्कूल प्रबंधन पूरक परीक्षाएं तत्काल आयोजित कर रहे हैं, उसमें उनकी मनमानी दिख रही है।

## टीवी टेक्नीशियन के घर चोरों ने बोला धावा, नकदी व जेवर पार


आलमारी जहां चोरों ने वारदात को दिया अंजाम।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में एक टीवी टेक्नीशियन के घर से 60 हजार की चोरी हुई है। खरमोरा टावर बस्ती में रहने वाले वीरेंद्र पटेल के नए घर में चोरों ने पहले रेकी की फिर सोना-चांदी और कैश लेकर भाग गए। मामला सिविल लाइन थाना क्षेत्र की है।

घटना के समय घर में कोई नहीं था। वीरेंद्र अपने परिवार सहित पुराने घर में रात रुकने चले गए थे। सुबह जब वे वापस लौटे तो घर का ताला टूटा मिला। बेडरूम की दो अलमारियों का भी ताला तोड़कर चोरों ने वारदात को अंजाम दिया। सिविल लाइन थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज की जांच कर रही है और संदिग्ध लोगों से पूछताछ कर रही है। चोर करीब 20 हजार रुपए के सोने-चांदी के जेवरात और 40 हजार रुपए नगद लेकर फरार हुए है। स्थानीय लोगों के मुताबिक, इस क्षेत्र में चोरी की घटनाएं आम हो गई हैं। इसी इलाके में कुछ दिन पहले एक निर्माणाधीन मकान से दो क्विंटल सरिया और बोर की चोरी हुई थी। क्षेत्र के पास बांसबाड़ी जंगल है, जहां नशेड़ियों का जमावड़ा रहता है। चोर पहले घर की रेकी करते हैं। फिर रात में पत्थर फेंककर यह जांचते हैं कि घर में कोई है या नहीं। घर से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिलने पर वे चोरी की वारदात को अंजाम देते हैं।

## कोयला लदे ट्रेलर में लगी आग, मौके पर पहुंचे टैंकर ने आग पर पाया काबू

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

दीपका थाना क्षेत्र में एक बड़ा हादसा टल गया। कोयला लदे एक ट्रेलर में अचानक आग लग गई। घटना दीपका खदान से गौरव पथ रोड की तरफ जाते समय की है।

ट्रेलर से धुआं निकलता देख राहगीरों ने वाहन चालक को रोकने का प्रयास किया। तेज रफ्तार के कारण वाहन काफी दूर जाकर रुका। चालक को आग की जानकारी मिलते ही उसने कंपनी को सूचित किया। मौके पर पानी टैंकर बुलाकर आग पर काबू पाया गया। यह पहली घटना नहीं है। इससे पहले भी कई बार कोयला लदी मालगाड़ी और ट्रेलर में आग लगने की घटनाएं हो चुकी हैं। खदान में लोडिंग के दौरान बरती जा रही लापरवाही इस तरह की घटनाओं का मुख्य कारण है। ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए परिवहन विभाग को नियमित निगरानी करनी चाहिए। चौराहों पर वाहनों की जांच बढ़ाई जानी चाहिए। दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए ताकि भविष्य में कोई बड़ी दुर्घटना न हो।


धूंधू कर जलता ट्रेलर वाहन।

## बनी सहमति, पंचायत सचिवों की हड़ताल स्थगित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

छत्तीसगढ़ में 17 मार्च से जारी पंचायत सचिवों की हड़ताल को फिलहाल स्थगित कर दिया गया है। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, पंचायत विभाग के सचिव भीम सिंह एवं संचालक प्रियंका ऋषि महोबिया की उपस्थिति में सचिवों की मांगों को लेकर सौहार्द्रपूर्ण माहौल में चर्चा हुई, जिसके बाद यह निर्णय लिया गया।

पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा गठित कमेटी जनवरी 2026 तक अंतिम रिपोर्ट सौंपेगी। इसके बाद पंचायत सचिवों का शासकीयकरण किया जाएगा। शासकीयकरण से पूर्व चिकित्सा व्यय प्रतिपूर्ति के लिए अलग से मार्गदर्शिका जारी की जाएगी। वर्तमान में 15 वर्षों की सेवा पूर्ण करने पर वेतन सत्यापन में उत्पन्न विसंगति को दूर किया जाएगा। हड़ताल अवधि के वेतन की स्वीकृति तत्काल प्रदान की जाएगी। प्रदेश अध्यक्ष उपेंद्र सिंह पैकरा ने सभी जिला, ब्लॉक अध्यक्षों एवं पंचायत सचिवों के समर्थन के लिए आभार जताया। साथ ही हड़ताल के दौरान दिवंगत हुए तीन साथियों को श्रद्धांजलि देते हुए उनके बलिदान को याद रखने का संकल्प लिया। अब सचिव अपने कार्य पर लौटेंगे, परंतु मांगों की पूर्ति तक आंदोलन की चेतावनी बरकरार रहेगी।

**एक लाख रुपए की आर्थिक सहायता**



पंचायत सचिव के शासकीयकरण की मांग को लेकर चल रहे आंदोलन के दौरान पंचायत सचिव राजकुमार कश्यप की मृत्यु के बाद जिला पंचायत सचिव संघ के प्रतिनिधियों ने शोकाकुल परिवारों से मुलाकात की। इस दौरान संघ की ओर से मृतक सचिव की पत्नी को 1 लाख 70 हजार रुपये की सहयोग राशि प्रदान की गई। राजकुमार कश्यप का बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा और उन्हें हमेशा संघर्ष के प्रतीक के रूप में याद किया जाएगा। जिला पंचायत सचिव संघ के अध्यक्ष जयपाल सिंह कंवर ने कहा कि प्रशासन को कई बार अवगत कराने के बावजूद कोई ठोस व्यवस्था नहीं की गई, जो दुर्भाग्यपूर्ण है। इस दौरान पंचायत सचिव संघ के प्रवक्ता रहीम अली, छत्रपाल सिंह, विजय एक्का, सत्यनारायण सिंह कंवर, मोहम्मद हसन खान, राम कुमार टेकाम, मोहन चंद्रा कौशिक, मेहंदी हसन, विजय गुप्ता, मनसोधन यादव, संतोष दीवान, गीतेन्द्र जायसवाल उपस्थित रहे।

## मजदूरों के साथ बकाया वेतन मांगने पर किया अमानवीय अत्याचार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। भीलवाड़ा (राजस्थान) से कोरबा आए दो मजदूर भाइयों को सिर्फ दो महीने की बकाया वेतन मांगने पर उनका अपहरण कर खपराभट्ठा इलाके के एक गोदाम में बंद कर बेरहमी से टॉर्चर किया गया। पीड़ित मुकेश और विनोद को फरवरी में आइसक्रीम लॉरी में 10 हजार रुपए मासिक वेतन, साथ में खाना और रहने की सुविधा के साथ काम पर रखा गया था लेकिन जब उन्होंने वेतन मांगा तो उन्हें अगवा कर गोदाम में बंद कर दिया गया। उनके साथ की गई क्रूरता ने मानवता को शर्मसार कर दिया। कपड़े उतरवाकर डंडों से मारा गया, पैरों के नाखून प्लायर से खींचे गए, बिजली के झटके दिए गए, पूरी घटना का वीडियो बना कर परिवार को भेजा गया और 30 हजार की फिरौती मांगी गई। 15 अप्रैल को लगभग 23 हजार 950 रुपए ट्रांसफर होने के बाद दोनों को छोड़ा गया। इसके दो दिन बाद आरोपी छोटू गुर्जर ने भीलवाड़ा जाकर पीड़ितों को धमकाया कि यदि पुलिस को जानकारी दी तो जान से मार देगा। घटना के बाद पीड़ितों और उनके परिवार ने न्याय की मांग की है। पीड़ित मुकेश ने बताया कि विनोद अब भी ठीक से सीधा लेट नहीं पा रहा और रात में डर के मारे उसकी नींद टूट जाती है। प्रशासन से मांग की जा रही है कि इस गंभीर मामले में तुरंत सख्त कार्रवाई हो।

### सेमेस्टर परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन का नोटिफिकेशन जारी

**कोरबा।** शिक्षा सत्र 2024-25 के लिए स्नातक द्वितीय सेमेस्टर के नियमित, स्वाध्यायी परीक्षार्थी, स्नातकोत्तर, डिप्लोमा पाठ्यक्रमों एवं विधि संकाय के स्नातक-स्नातकोत्तर सम सेमेस्टर का आनलाईन परीक्षा आवेदन का नोटिफिकेशन जारी कर दिया गया है। आनलाईन परीक्षा आवेदन की प्रारंभिक एवं अंतिम तिथि 15 से 25 अप्रैल निर्धारित की गई है।अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक डॉ तरुण धर दीवान की ओर से जारी अधिसूचना में कहा गया है कि आनलाईन परीक्षा आवेदन की हार्डकॉपी, आनलाईन शुल्क की भुगतान की रसीद एवं समस्त अनिवार्य दस्तावेजों की स्वप्रमाणित छायाप्रति अपने महाविद्यालय के शिक्षण विभाग में 28 अप्रेल तक जमा करना है।राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत सत्र 2024-25 के लिए स्नातक द्वितीय सेमेस्टर के नियमित, स्वाध्यायी परीक्षार्थी तथा महाविद्यालयों, विश्वविद्याल विश्वविद्यालय शिक्षण विभाग के सभी स्नातक, स्नातकोत्तर, डिप्लोमा पाठ्यक्रमों एवं विधि संकाय का आनलाईन परीक्षा आवेदन विश्वविद्यालय के अधिकृत वेब पोर्टल के माध्यम से भराये जाने हेतु तिथि निर्धारित किया गया है।











